हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम–दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग), रायपुर नाका दुर्ग (छ.ग.)491001

ई मेल :registrar@durguniversity.ac.in वेब साइट : www.durguniversity.ac.in दूरभाष : 0788-2359100

क्रमांक 1983 / नामांकन / 2026 दुर्ग, दिनांक 15/11/2026

//अधिसूचना//

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के शैक्षणिक सत्र 2026–27 के समस्त First/Third/Fifth के स्नातक / स्नातकोत्तर / सेमेस्टर एवं **बी.एड. / बी.एस.सी.बी.एड / बी.ए. बी.एड** के प्रवेशित छात्र / छात्राओं के लिए ***ऑनलाईन नामांकन आवेदन विश्वविद्यालय के वेबसाइट www.durguniversity.ac.in के माध्यम से भरने एवं नामांकन शुल्क की राशि रू.150/– सहित जमा करने की तिथि में अंतिम वृद्धि करने की जानकारी, अभ्यर्थियों / महाविद्यालयों को निम्न कंडिका अनुसार दिशा–निर्देश दिया जाता है –***

(नामांकन शुल्क – ए.टी.एम. कार्ड / डेबिट कार्ड / क्रेडिट कार्ड / इंटरनेट बैंकिंग / यू.पी.आई. के माध्यम से जमा किए जायेंगे।)

क्र.	नामांकन फार्म एवं शुल्क	अंतिम नवीन वृद्धि तिथि
1.	ऑनलाईन द्वारा शुल्क सहित आवेदन करने की तिथि	**14.11.2026 से 19.11.2026**
2.	ऑनलाईन नामांकन आवेदन की हार्डकॉपी संबंधित महाविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि	**20.11.2026**
3.	महाविद्यालय द्वारा समस्त विद्यार्थियों के नामांकन आवेदन आवश्यक दस्तावेजों सहित विश्वविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि	**23.11.2026**

टीपः–

1. **नामांकन फार्म www.durguniversity.ac.in ⟶ Quick Links ⟶ Online Enrollment Form 2026-27 पर Click कर भरे जा सकते हैं।**
2. **विद्यार्थी, https://durg.ucanapply.com के माध्यम से भी ऑनलाईन नामांकन आवेदन फार्म भर सकते हैं।**

निर्देशः–

1. **अभ्यर्थी नामांकन आवेदन फार्म भरने के समय प्राप्त User ID एवं Password का उपयोग करेंगे। नवीन पंजीयन की आवश्यकता नहीं होगीं ।**
2. **समस्त छात्र / छात्राओं को ऑनलाईन नामांकन आवेदन करने के पूर्व ABC ID (Academic Bank of Credits) में पंजीयन करना अनिवार्य होगा ।**
3. **राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP)-2020 के प्रावधान अनुरूप स्नातक स्तर पर नियमित व स्वध्यायी विद्यार्थी को विषय / सेमेस्टर में प्रवेश हेतु निर्धारित पात्रता पूण करना अनिवार्य होगा।**
4. **समस्त NON NEP ऐसे विद्यार्थी जो पूर्व में स्वध्यायी (Private) विद्यार्थी के रूप में प्रवेश लिया गया है तथा बाद में नियमित (Regular) प्रवेश लिया गया है, उन्हें नियमानुसार Online Enrollment आवेदन प्रकिया पूर्ण करना अनिवार्य होगा।**
5. जिन विद्याथियों का पूर्व में इस विश्वविद्यालय में नियमित विद्यार्थी के रूप में नामांकन हो चुका है, उन्हे पुनः ऑनलाईन नामांकन आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी ।
6. ऑनलाईन नामांकन आवेदन की हार्डकॉपी संबंधित महाविद्यालय में निर्धारित अंतिम तिथि तक आवश्यक दस्तावेजों सहित जमा करना संबंधित विद्यार्थी की जिम्मेदारी होगी ।
7. संबंधित महाविद्यालय यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी पात्र विद्यार्थियों के आवेदन निर्धारित समय–सीमा में सत्यापित कर निर्धारित अनिवार्य दस्तावेजों को संलग्न कर विश्वविद्यालय नामांकन शाखा को अग्रेषित किए जाएँ ।

8. महाविद्यालय द्वारा अपूर्ण/अधूरे आवेदन एवं आवश्यक दस्तावेजों के अभाव में आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे महाविद्यालय केवल पूर्ण आवेदन ही अग्रेषित करे ।

9. निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन स्वीकार नही किये जावेंगे । इसकी संम्पूर्ण जवाबदारी संबंधित महाविद्यालय की होगी ।

10. **अभ्यर्थी को ऑनलाईन नामांकन आवेदन–पत्र के साथ निम्न आवश्यक दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य होगा–(1) ऑनलाईन आवेदन–पत्र, (2) 10वी एवं 12वी की अंकसूची, (3) स्नातक/स्नातकोत्तर की प्रत्येक वर्ष/सेमेस्टर की अंकसूची (आवश्यकतानुसार), (4) ABC ID की छायाप्रति, (4) माइग्रेशन प्रमाण–पत्र की मूलप्रति, (5) पात्रता प्रमाण–पत्र की मूलप्रति (आवश्यकतानुसार), (6) नाम/उपनाम परिवर्तन की स्थिति में विवाह प्रमाण–पत्र (आवश्यकतानुसार)।**

11. छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर स्थित बोर्ड/विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को ऑनलाईन नामांकन शुल्क रू. 150/– एवं अप्रवासन (Migration) शुल्क रू. 360/– सहित आवेदन करना अनिवार्य होगा।

12. हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के नवीन शैक्षणिक सत्र 2026–27 में नियमित विद्यार्थी के रूप में प्रवेश लेने वाले ऐसे अभ्यर्थी, जिन्होंने पूर्व में इस विश्वविद्यालय के नियमित पाठ्यक्रम में प्रवेश नही लिया है, उन्हें ऑनलाइन माध्यक से नामांकन कराना अनिवार्य होगा ।

13. ***यदि किसी अभ्यर्थी ने इस विश्वविद्यालय से किसी भी पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष/सेमेस्टर में नियमित विद्यार्थी के रूप में नामांकन कराया है तथा द्वितीय वर्ष/सेमेस्टर में अमहाविद्यालयीन (Private) या गेप रहा है अथवा तृतीय वर्ष/सेमेस्टर में पुनः नियमित प्रवेश लिया है, तो ऐसे अभ्यर्थी के लिए पुनः नवीन नामांकन नही होगा । पूर्व नामांकन ही मान्य रहेगा अथवा आवश्यकतानुसार नामांकन नवीनीकरण कराना होगा ।***

14. ***ऐसे अभ्यर्थी, जिन्होंने पूर्व में इस विश्वविद्यालय में नियमित विद्यार्थी के रूप में अध्ययन किया है और अपना माइग्रेशन निकाल लिये है और पुनः इसी विश्वविद्यालय से संबंद्ध महाविद्यालय में किसी पाठ्यक्रम में प्रवेश लेते है, उन्हें पुनः नवीन ऑनलाईन नामांकन कराना अनिवार्य होगा ।***

15. CBSE बोर्ड से उत्तीर्ण ऐसे विद्यार्थी, जिन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित किसी विद्यालय से 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है, उन्हें अप्रवासन (Migration) शुल्क जमा करने से छूट रहेगी ।

16. तृतीय वर्ष में प्रवेश लेने वाले ऐसे अभ्यर्थी, जो पूर्व सत्र में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के अमहाविद्यालयीन (Private) विद्यार्थी रहे है, वे पूर्व में प्राप्त **User ID/Password** के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन कर नामांकन हेतु आवेदन कर सकेगें।

17. विवाह उपरांत अपना नाम/उपनाम में परिवर्तन कराने वाले अभ्यर्थी विवाह प्रमाण–पत्र सहित निर्धारित शुल्क रू. 180/– जमा कर संबंधित महाविद्यालय के माध्यम से अपन नामांकन आवेदन–पत्र के साथ विश्वविद्यालय में आवेदन प्रस्तुत करेंगे ।

18. ऑनलाईन नामांकन आवेदन–पत्र भरने में किसी प्रकार की तकनीकी अथवा अन्य कठिनाई होने पर अभ्यर्थी कार्यालयीन समय प्रातः10:30 बजे से सायं 05:30 बजे तक मोबाइल नं.–08062526431 अथ्वा ई–मेल onlinehelp @durguniversity.in पर सम्पर्क कर सकते हैं।

कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

पृ.क्र. 1984/नामांकन/2026

दुर्ग, दिनांक 15/11/2026

प्रतिलिपिः

19. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़, राजभवन, रायपुर।
20. प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा छत्तीसगढ़ शासन, महानदी भवन मंत्रालय, नया रायपुर।
21. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, ब्लॉक–सी–30, द्वितीय/तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नया रायपु

22. वित्त अधिकारी/उपकुलसचिव/सहा. कुलसचिव, अकादमिक/गोपनीय/परीक्षा विभाग, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
23. अधिष्ठाता छात्र कल्याण, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
24. प्राचार्य, संबद्ध समस्त महाविद्यालय, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
25. माननीय कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के सूचनार्थ।
26. संपादक, समस्त स्थानीय समाचार पत्र, दुर्ग/बेमेतरा/बालोद/राजनांदगांव/कबीरधाम को इस निवेदन के साथ कि कृपया अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के आगामी अंक में छात्रहित में इसे समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
27. मैनेजर, लर्निंग स्पाइरल प्रा.लि. को सूचनार्थ।

सहायक कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)